हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 28 मार्च 2026, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और नागरिकों के हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकताएं हैं। श्री मोदी ने यह बात कल शाम कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ एक उच्च-स्तरीय वर्चुअल बैठक में कही। बैठक का उद्देश्य संघर्ष के समय देश की तैयारियों की समीक्षा करना था। श्री मोदी ने राज्यों से अपील की कि वे आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें और जमाखोरी तथा मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। श्री मोदी ने राज्यों से सौर ऊर्जा, जैव ईंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की गति तेज़ करने का आग्रह किया और पाइप वाली प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे का विस्तार करने को भी कहा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि प्रदेश में डीजल, पेट्रोल तथा रसोई गैस को लेकर उत्पन्न हो रही आशंकाओं और घबराहट की स्थिति या अफवाहों को रोका जाए। डीजल, पेट्रोल तथा रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार निगरानी रखें। प्रत्येक जिले में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं, जहां से आमजन को सही और प्रमाणिक जानकारी समय-समय पर उपलब्ध करवाई जाए। मुख्यमंत्री कल देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर रहे थे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार तेल व गैस कंपनियों के साथ निरंतर तालमेल बनाए हुए हैं और हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। राज्य सरकार प्रदेश में निगरानी के लिए प्रशासनिक सचिवों की ड्यूटी लगा रही है। जिला प्रशासन के अधिकारी निरंतर प्रशासनिक सचिवों के संपर्क में रहें और उन्हें हर स्थिति की जानकारी देते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी लोगों को जागरूक करें कि अनावश्यक

रूप से अधिक खरीदारी करके ईंधन का भंडारण न करें। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी संचालको द्वारा गैस, डीजल व पेट्रोल की सामान्य रूप से बिक्री जारी रखना भी सुनिश्चित करें।मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से फैल रही अफवाहों पर तुरंत संज्ञान लेने के निर्देश भी दिए और अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फसलों की कटाई के इस मौसम में किसानों को विश्वास दिलाएं कि उनको खेती के काम के लिए डीजल की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके अलावा, बिजली आपूर्ति पर भी नजर बनाए रखें।

सरकार ने बताया है कि देश मेंपिछले एक दशक में यूरिया का घरेलू उत्पादन दो सौ 30 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 3 सौ 15 लाख मीट्रिक टन होगया है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में रसायन और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए 2014 से विभिन्न स्थानों पर कई नए उर्वरक संयंत्र लगाए गए हैं। श्री नड्डा ने कहा कि खरीफ मौसम के लिए देश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है और किसानों को चिंता करनेकी जरूरत नहीं है ।

जहां तक खाद का सवाल हैफर्ट्रीलाइजर का सवाल है माकूल पर्याप्त खाद की व्यवस्था भारत सरकार ने कर रखीहै और हमारे रिजर्वस हैं और कोई भी पैनिक करने की जरूरत नहीं है।

मैंने कल ही सभीएग्रीक्लचर मिनिस्टर्स से बातचीत की है। किसानों को सही समय पर खाद जितनी चाहिएवो मिलेगी।

स्वास्थ्यऔर परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि भारत, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर लगभग तीस प्रतिशत जेनेरिकदवाओं की आपूर्ति करता है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीयचिकित्सा परिषद विनियम, 2000 के अंतर्गत,

सभी पंजीकृत चिकित्सकों को रोगियों को जेनेरिक दवाएं लिखना औरतर्कसंगत सलाह देने की प्रक्रियाओं का पालन करना अनिवार्य है।

हमारा जो इंडियल मेडिकल काउंसिल कारेगुलेशन है। उसके क्लॉस वन पॉइंट फाइफ के तहत हमने यह नियम बनाया है कि जितने भीरजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर्ज है वो जेनरीक दवाओं को ही प्रिस्क्राइब करेंगे औरनेशनल प्रिस्क्रीबशन पर ध्यान देंगे। इस संबंध में हमारे जितने सेंट्रल गवर्मेंटके हॉस्पिटल है उन्हें डीजीएसएच की तरफ से भी इंस्ट्रक्शन जारी किए जा चुकेहैं।

मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत आज शाम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए विशेष रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन से अम्बाला से अयोध्या के लिए यह विशेष रेलगाड़ी 4 बजे रवाना की जाएगी। अम्बाला, पंचकूला व यमुनानगर के श्रद्धालु, जिन्होंने सरल पोर्टल पर पंजीकरण किया था, वे अंबाला छावनी से अयोध्या यात्रा के लिए रवाना होंगे।यह विशेष रेलगाड़ी कुरूक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत होते हुए दिल्ली के रास्ते अयोध्या भेजी जा रही है।